# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
# एवं
# राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

**समग्र शिक्षा, विद्या भवन निशातगंज, लखनऊ –226007**

वेब–साइट: www.basiceducation.up.gov.in, www.upefa.com ई–मेल: upefaspo@gmail.com दूरभाष: 0522-4024440, 2780384,,2781128


सेवा में,

1. प्राचार्य,
   जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
   समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

2. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
   समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकःमहानिदेशक/नियोजन/अका0कैलेण्डर/ 1263 /2024–25 दिनांकः 14 मई, 2024

**विषयः– शैक्षिक सत्र 2024–25 की विद्यालयों में अकादमिक गतिविधियों के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि प्रदेश के विद्यालयों में 6–14 वयवर्ग के अध्ययनरत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। अध्ययनरत बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालयों में खेल–खेल में/रुचिपूर्ण तरीके से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ शारीरिक विकास हेतु खेलकूद, विभिन्न प्रकार की यौगिक क्रियायें तथा बच्चों में अन्तर्निहित नैसर्गिक क्षमता को उभारने हेतु नृत्य, गायन, संगीत एवं कला से सम्बन्धित गतिविधियों का कराया जाना अति महत्वपूर्ण है। इस हेतु शैक्षिक सत्र 2024–25 में सम्पादित की जाने वाली प्रमुख गतिविधियों के लिए वार्षिक अकादमिक कैलेण्डर तैयार किया गया है, जिसका जनपद, ब्लाक एवं विद्यालय स्तर पर अनुपालन किया जाना है।

अतः वार्षिक अकादमिक कैलेण्डर 2024–25 संलग्न कर इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः उक्तवत्।**

भवदीया,

Kanchan

**(कंचन वर्मा)**
**महानिदेशक, स्कूल शिक्षा**

**पृ0सं0**:महानिदेशक/नियोजन/अका0कैलेण्डर/ /2024–25 तद्‌दिनांक।

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. राज्य परियोजना निदेशक, राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ।
3. शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, निशातगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश।
5. जिलाधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
6. सचिव, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज।
7. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।

**(कंचन वर्मा)**
**महानिदेशक, स्कूल शिक्षा**

# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
# एवं
# राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

**समग्र शिक्षा, विद्या भवन निशातगंज, लखनऊ –226007**

वेब–साइटः www.basiceducation.up.gov.in, www.upefa.com ई–मेलः upefaspo@gmail.com दूरभाषः 0522-4024440, 2780384,,2781128


समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

निपुण भारत

सेवा में,

1. प्राचार्य,
   जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
   समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

2. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
   समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकःमहानिदेशक / नियोजन / अका0कैलेण्डर / —— / 2024–25 दिनांकः 14 मई, 2024

**विषयः– शैक्षिक सत्र 2024–25 की विद्यालयों में अकादमिक गतिविधियों के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि प्रदेश के विद्यालयों में 6–14 वयवर्ग के अध्ययनरत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। अध्ययनरत बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालयों में खेल–खेल में / रुचिपूर्ण तरीके से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ शारीरिक विकास हेतु खेलकूद, विभिन्न प्रकार की यौगिक क्रियायें तथा बच्चों में अन्तर्निहित नैसर्गिक क्षमता को उभारने हेतु नृत्य, गायन, संगीत एवं कला से सम्बन्धित गतिविधियों का कराया जाना अति महत्वपूर्ण है। इस हेतु शैक्षिक सत्र 2024–25 में सम्पादित की जाने वाली प्रमुख गतिविधियों के लिए वार्षिक अकादमिक कैलेण्डर तैयार किया गया है, जिसका जनपद, ब्लाक एवं विद्यालय स्तर पर अनुपालन किया जाना है।

अतः वार्षिक अकादमिक कैलेण्डर 2024–25 संलग्न कर इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः उक्तवत्।**

भवदीया,

**(कंचन वर्मा)**
**महानिदेशक, स्कूल शिक्षा**

**पृ0सं0**:महानिदेशक / नियोजन / अका0कैलेण्डर / 1263 / 2024–25 तद्दिनांक।

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. राज्य परियोजना निदेशक, राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ।
3. शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, निशातगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश।
5. जिलाधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
6. सचिव, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज।
7. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।

Kanchan

**(कंचन वर्मा)**
**महानिदेशक, स्कूल शिक्षा**

# शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु एकेडमिक कैलेण्डर एवं सामान्य निर्देश

- विद्यालय में शिक्षण कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व 15 मिनट प्रातःकालीन प्रार्थना सभा करायी जाय। प्रार्थना में विभाग द्वारा प्रतिदिन निर्धारित दैनिक प्रार्थनायें यथा **सोमवार**–वह शक्ति हमें दो दयानिधे..., **मंगलवार**–दया कर दान भक्ति का, हमें परमात्मा देना..., **बुधवार**–ऐ मालिक तेरे बन्दे हम..., **गुरुवार**–सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु..., **शुक्रवार**–हर देश में तू, हर भेष में तू.... एवं **शनिवार**–इतनी शक्ति हमें देना दाता...., करायी जाय। प्रार्थना के पश्चात् राष्ट्रगान एवं तत्पश्चात् 05–07 मिनट ध्यान, मेडिटेशन बच्चों से कराया जाय। इसके पश्चात् बच्चों का पठन–पाठन क्रिया प्रारम्भ कराया जाय।
- प्रार्थना के समय प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकायें अनिवार्य रूप से प्रार्थना सभा में उपस्थित रहेंगे/रहेंगी। प्रधानाध्यापक का यह दायित्व होगा कि उपस्थित सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं बच्चों सहित प्रार्थना स्थल का एक **फोटोग्राफ प्रतिदिन** लिया जाय तथा उक्त फोटोग्राफ सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी को प्रार्थना सभा समाप्त होने के उपरान्त तत्काल प्रेषित किया जाय एवं उक्त **फोटोग्राफ को अपने टैबलेट में सुरक्षित** रखा जाय।
- सत्र के आरम्भ में अध्यापन प्रारम्भ करने से पूर्व कक्षा–कक्ष में बच्चों से अनौपचारिक बातचीत, जिसके अन्तर्गत स्वयं का परिचय, नाम सहित तथा बच्चों का परिचय व उनके परिवार, गाँव, तहसील, जनपद, राज्य एवं देश के बारे में परिचय प्राप्त कर तथा विद्यालय की उपलब्धियाँ एवं सामान्य प्रशासन के बारे में जानकारी देकर बच्चों को कक्षा–शिक्षण के लिए सहज किया जाय तथा निर्धारित विषय सम्बन्धी पाठ्यक्रम का अध्यापन सहज भाव से एवं परिवेश में उपलब्ध संसाधनों के सहयोग से प्रारम्भ किया जाय, जिससे बच्चों का अधिगम स्तर एवं विषय की समझ बढ़ सके।
- विद्यालय निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार संचालित किये जायें। निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार प्रत्येक कालांश 40 मिनट का होगा। प्रत्येक कालांश में शिक्षकों द्वारा अपने विषय को सकारात्मक वातावरण में पठन–पाठन कराया जायेगा।
- शैक्षिक पंचाग का शत्–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। यदि शैक्षिक पंचाग में निर्धारित समय–सारिणी का अनुपालन नहीं सुनिश्चित किया जा सका है, तो उसकी प्रतिपूर्ति हेतु अतिरिक्त कालांश की व्यवस्था की जाये।
- शिक्षकों/शिक्षक संगठनों द्वारा आयोजित किसी गतिविधि में विद्यालय अवधि में प्रतिभाग नहीं किया जायेगा। अपरिहार्य परिस्थितियों में सक्षम स्तर से स्वीकृति के उपरान्त ही प्रतिभागिता की जा सकेगी।
- विद्यार्थियों द्वारा लाइब्रेरी के समुचित उपयोग हेतु प्रत्येक सप्ताह में **दो वादन** निर्धारित किया जाना सुनिश्चित किया जाय।
- सभी कक्षाओं के लिए माहवार निर्धारित पाठ्यक्रम उसी माह में अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाय।
- शिक्षक, शिक्षण कार्य सम्पन्न कराते हुए दीक्षा पोर्टल/यूट्यूब/वाट्सएप/ई–विद्या चैनल एवं अन्य पोर्टलों पर अध्ययन सामग्रियों को लिंक के माध्यम से पाठ्य/विषय वस्तु छात्रों हेतु उपलब्ध करायेंगे।
- 'विश्व योग दिवस' 21 जून के अवसर पर विद्यालयों में व्यायाम, योग पर आधारित प्रतियोगिता अवश्य आयोजित की जाय।
- विद्यालयों में सभी शिक्षकों को शिक्षक डायरी उपलब्ध करायी जाय जिसमें शिक्षकों द्वारा किये जाने वाले शैक्षिक व अन्य कार्यों के साथ–साथ उनकी शिक्षण योजना का भी उल्लेख हो। प्रधानाध्यापकों द्वारा शिक्षक डायरी का नियमित अवलोकन भी किया जाय।
- लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने तथा इस सम्बन्ध में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से विद्यालयों में प्रार्थना स्थल पर लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने वाली लघु कथायें, प्रेरक प्रसंग, संक्षिप्त उद्‌बोधन, गीत आदि गतिविधियों का आयोजन शनिवार को किया जाय।
- खेलकूद प्रतियोगिताएं सर्वप्रथम विद्यालय स्तर पर सदनवार आयोजित की जायें। तत्पश्चात् ब्लाक स्तर, जनपद स्तर पर, मण्डल स्तर पर तथा राज्य स्तर पर प्रतियोगितायें आयोजित करायी जायें एवं प्रत्येक स्तर पर विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाय।
- महापुरूषों की जन्म दिवस पर उनके जीवन एवं योगदान के विषय में प्रार्थना सभा के उपरान्त 30 मिनट की चर्चा तथा निबन्ध, पोस्टर एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराकर विद्यार्थियों को जागरूक किया जाए।

- विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उनका स्वास्थ्य कार्ड (आर0बी0एस0के0) के माध्यम से तैयार कराया जाय।
- छात्र–छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण व स्वास्थ्य की स्थिति से अभिभावकों को अवगत कराया जाय इसके साथ ही पाल्यों के स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता, कुपोषण के दुष्प्रभावों व पौष्टिक आहार के प्रति भी उन्हें जागरूक किया जाय।
- बाल दिवस 14 नवम्बर के अवसर पर विद्यालयों में बाल मेला आयोजित किया जाय। आवश्यकतानुसार /सुविधानुसार विद्यालय प्रबन्ध समिति (एस0एम0सी0) के सदस्यों व अभिभावकों को भी आमंत्रित किया जाय तथा क्षेत्रीय खान–पान/वेशभूषा सम्बन्धी सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया जाय।
- दिनांक 3 दिसम्बर को 'अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस' के अवसर पर इससे सम्बन्धित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाय।
- सभी विद्यालयों में वार्षिकोत्सव का आयोजन सुनिश्चित किया जाय एवं मुख्य अतिथि के रूप में **गणमान्य व्यक्तियों** को आमंत्रित किया जाय। वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम में लोक कला से सम्बन्धित गीतों एवं नाटकों का प्रस्तुतीकरण शनिवार को किया जाय।
- खेल–कूद एवं शारीरिक व्यायाम/योग आदि को प्रत्येक दिवस अन्तिम वादन में कराया जाय।
- सोमवार से शुक्रवार तक शैक्षणिक कार्य अनिवार्य रूप से कराया जाय। विद्यालय अवधि में कोई भी रैली/प्रभात फेरी/मानव श्रृंखला/नवाचार गोष्ठी आदि कार्य न किये जायें। उक्त कार्य विद्यालय अवधि के पूर्व/पश्चात् में ही किये जायें।
- प्रतियोगिता एवं जागरुकता अभियान आदि विभिन्न कार्यक्रम सप्ताह के अन्तिम दिवस शनिवार को ही कराये जायें।
- 15 अगस्त, 26 जनवरी एवं 02 अक्टूबर का राष्ट्रीय पर्व हर्षोउल्लास से मनाया जाय एवं बच्चों को इन पर्वों के बारे में जानकारी दी जाय तथा संक्षिप्त उद्‌बोधन, गीत एवं मंचन आदि गतिविधियों का आयोजन भी कराया जाय।
- सोमवार से शुक्रवार तक शैक्षणिक कार्य के उपरान्त 30 मिनट का रेमेडियल कक्षा–शिक्षण का आयोजन किया जाय।
- कक्षा 1–8 तक छात्र–छात्राओं के सतत् व्यापक मूल्यांकन पर बल दिया जायेगा। शैक्षिक सत्र में कुल 04 बार छात्र–छात्राओं का मूल्यांकन किया जायेगा। 02 सत्रीय परीक्षायें क्रमशः **अगस्त एवं दिसम्बर में अर्द्धवार्षिक परीक्षा अक्टूबर में एवं वार्षिक परीक्षा मार्च** में आयोजित की जायेगी।
- विद्यालय अवधि के उपरान्त प्रत्येक शनिवार को शिक्षा चौपाल का आयोजन किया जाय तथा बच्चों हेतु कला (ड्राइंग), मिट्‌टी के खिलौने आदि बच्चों से बनवाकर उन्हें विभिन्न जीवों/संज्ञानात्मक वस्तुओं से परिचित कराया जाय।
- को–लोकटेड आँगनवाडी केन्द्रों को बालवाटिका कक्षा के रूप में तैयार कराना।
- विद्यालय में छात्रों हेतु पाठ्य सहगामी क्रियायें आदि भोजनावकाश के पश्चात् **प्रत्येक शनिवार** को आयोजित करायी जायें, जिसका विवरण निपुण भारत मॉनीटरिंग सेन्टर (NBMC) पोर्टल के ड्रापडाउन लिंक पर उपलब्ध है।
- कक्षावार एवं विषयवार समय–सारिणी पृथक से प्रेषित की जाएगी, जो आपके द्वारा डाउनलोड की जा सकती है एवं विद्यालय में उपलब्ध शिक्षकों के आधार पर अपेक्षित संशोधन यथावश्यक संशोधन करके विद्यालय स्तर पर भी समय–सारिणी तैयार किया जा सकता है।
- शासनादेश संख्या:867/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 दिनांक 14 अगस्त, 2020 द्वारा निर्गत टाइम एण्ड मोशन स्टडी के आधार पर शैक्षणिक कार्यों के लिए निर्धारित शिक्षण अवधि एवं शिक्षण दिवसों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
- उपर्युक्त प्रमुख गतिविधियों के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित विद्यालयों में शैक्षणिक/प्रशासनिक गतिविधियों का विवरण निम्नवत् है:–

# उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित विद्यालयों में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियाँ – कैलेण्डर 2024–25

## माह– अप्रैल, 2024

### शैक्षणिक/अकादमिक

- स्कूल चलो अभियान का आयोजन किया जाय, जिसके अन्तर्गत नामांकन वृद्धि हेतु विद्यालय के आस–पास के गाँव में शिक्षा के महत्व एवं विद्यालयों में निःशुल्क उपलब्ध संसाधनों से परिचित कराते हुए बच्चों एवं अभिभावकों को विद्यालय में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित किया जाय।
- विद्यालय में यह सुनिश्चित किया जाय कि विद्यालय परिक्षेत्र के सभी 6–14 वयवर्ग के बच्चों का प्रवेश शत्–प्रतिशत हो सके। विद्यालय में शत्–प्रतिशत प्रवेश कराने की जिम्मेदारी सभी अध्यापकों एवं प्रधानाध्यापक की होगी।
- नव प्रवेशित छात्रों हेतु तथा पूर्व से अध्ययनरत बच्चों के कक्षा–शिक्षण के 2–3 दिन की कुछ अवधि **छात्र परिचय** के रूप में कक्षा–कक्ष को संचालित किया जाये, जिसके अन्तर्गत छात्र के परिवार, उनके अभिभावक एवं व्यवसाय तथा छात्र की अभिरुचियों की जानकारी प्राप्त की जाये तथा शिक्षकों द्वारा अपना भी परिचयात्मक विवरण यथा– नाम, शैक्षिक योग्यता, निवास स्थान आदि की जानकारी बच्चों दी जायें, जिससे छात्र–छात्रायें सहज हो सकें।
- बच्चों को विद्यालय के बारे में, यथा– विद्यालय के नियमों, विद्यालय का समय, विद्यालय की उपलब्धियों एवं विद्यालय के संसाधनों के बारे में जानकारी दी जाय।
- बच्चों को विशेषकर कक्षा–1 व कक्षा–2 को खेल–खेल में एवं रुचिपूर्ण टी0एल0एम0 के माध्यम से पठन–पाठन प्रारम्भ किया जाय।
- बच्चों को उनकी अभिरुचियों के अनुसार कला, संगीत, कहानी, क्राफ्ट आदि गतिविधियां करने के लिए प्रोत्साहित किया जाय, जिससे बच्चों के विद्यालय एवं कक्षा–कक्ष के प्रति लगाव उत्पन्न हो सके।
- निर्धारित कैलेन्डर के अनुसार मीना मंच की गतिविधियों का आयोजन।

### प्रशासनिक

- विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक – दिनांक 01.04.2024
- स्टाफ मीटिंग करके उनको एकेडिमिक कैलेण्डर के महत्वपूर्ण बिन्दुओं से अवगत करा दिया जाय तथा शैक्षिक समय सारिणी उपलब्ध करायी जाय।

## माह– मई, 2024

### शैक्षणिक/अकादमिक

- क्राफ्ट दिवस का आयोजन।
- बच्चों को परिवेश के आस–पास में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों यथा– हवा, धूप, पानी, पेड़, पौधों तथा सामान्य कौतुहल का विषय हवा का चलना, आँधी का आना, पानी बरसना, ओले गिरना, सूरज का उदय/अस्त होना आदि घटनाओं के बारे में बच्चों को तथ्यात्मक जानकारी दी जाय।
- बच्चों को प्रत्येक विषय में गृह कार्य ग्रीष्मावकाश अवधि हेतु दिया जाय।
- निर्धारित कैलेन्डर के अनुसार मीना मंच की गतिविधियों का आयोजन किया जाय।
- माहवारी स्वच्छता दिवस, मीना सभा एवं जन्मोत्सव – एक कदम स्वच्छता की ओर– प्रगति के पंख प्रशिक्षण सत्र–3 पर आधारित – दिनांक 28.05.2024
- शनिवार को निपुण भारत मॉनीटरिंग सेन्टर (NBMC) पोर्टल के ड्रापडाउन लिंक पर उपलब्ध पाठ्य सहगामी क्रियाओं का आयोजन कराया जाये।

### प्रशासनिक

- विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक – दिनांक 01.05.2024
- विश्व हाथ स्वच्छता दिवस – दिनांक 05 मई
- विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान।

## माह– जून, 2024

**शैक्षणिक/अकादमिक**

- बच्चों के एक माह के बाद विद्यालय आने पर **पुर्नागमन उत्सव** मनाया जाय।
- बच्चों द्वारा अवकाश अवधि में यदि किसी दर्शनीय/ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण किया गया है तो उसके बारे में बच्चों को संक्षिप्त रूप से बोलने/लिखने का अवसर दिया जाय।
- मैथ किट एवं साइंस किट के बारे में बच्चों से प्रयोग कराया जाय।
- बच्चों को दिये गये गृह कार्य की जाँच की जाय।
- माह मई तक किये गये अध्यापन कार्य का आवश्यकतानुसार बच्चों को पुनर्बोध कराया जाय।
- बच्चों को विद्यालय परिसर में उपलब्ध खाली पड़ी भूमि की **क्यारी का आवंटन** तथा उसके नाप की गणना करायी जाय।
- शनिवार को निपुण भारत मॉनीटरिंग सेन्टर (NBMC) पोर्टल के ड्रापडाउन लिंक पर उपलब्ध पाठ्य सहगामी क्रियाओं का आयोजन कराया जाये।

**प्रशासनिक**

- 21 जून को 'विश्व योग दिवस' का आयोजन।
- खण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं प्रधानाध्यापकों की बैठक – दिनांक 22.06.2024
- शिक्षक संकुल की बैठक – दिनांक 25.06.2024
- माताओं का उन्मुखीकरण।

## माह– जुलाई, 2024

**शैक्षणिक/अकादमिक**

- क्राफ्ट एवं क्यारी के नाप की गणना में अच्छा कार्य करने वाले बच्चों को पुरस्कृत/प्रोत्साहित किया जाय।
- निर्धारित कैलेन्डर के अनुसार मीना मंच की गतिविधियों का आयोजन।
- रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन।
- निर्धारित पाठ्यक्रम अध्यापन किये जाने की समीक्षा (प्रत्येक माह) की जाय।
- अपनी पाठ्य पुस्तक से कविता गायन का आयोजन। (प्रत्येक शनिवार)
- मानसून एवं वर्षा के बारे में जानकारी देना।
- शनिवार को निपुण भारत मॉनीटरिंग सेन्टर (NBMC) पोर्टल के ड्रापडाउन लिंक पर उपलब्ध पाठ्य सहगामी क्रियाओं का आयोजन कराया जाये।

**प्रशासनिक**

- अभिभावकों एवं शिक्षकों की बैठक का आयोजन (त्रैमासिक) चर्चा के बिन्दु– बच्चों का नामांकन, उपस्थिति एवं ठहराव, डी0बी0टी0, निपुण भारत मिशन, शारदा कार्यक्रम, समर्थ कार्यक्रम, आपरेशन कायाकल्प, विद्यालय प्रबन्ध समिति की बैठक।
- विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक – दिनांक 03.07.2024
- शिक्षक यूट्यूब प्रसारण – दिनांक 06.07.2024
- शिक्षक संकुल की बैठक – दिनांक 16.07.2024
- खण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं प्रधानाध्यापकों की बैठक – दिनांक 20.07.2024
- माताओं का उन्मुखीकरण – दिनांक 27.07.2024

## माह– अगस्त, 2024

**शैक्षणिक/अकादमिक**

- समूह/पीयर लर्निंग की गतिविधि – कक्षा में ऐसी गतिविधि का संचालन करें, जिसमें कार्य–निष्पादन हेतु छात्रों को एक टीम (2, 3, 4 के समूह) के रूप में एक साथ काम करने की आवश्यकता हो।
- छात्रों के साथ टी0एल0एम0 निर्माण में घरेलू सामग्री एवं स्टेशनरी का उपयोग करके नवाचारी टी0एल0एम0 बनायें, जो पाठ–योजना का पुष्ट करने के लिए उपयोग में लाया जा सके, जो पर्यावरण मैत्री हो।
- राष्ट्रीय अविष्कार अभियान क्विज़/यूथ एण्ड इको क्लब की गतिविधियाँ आयोजित की जाय।
- मैथ किट का प्रयोग करें एवं सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन।

- **प्रथम सत्र की परीक्षा आयोजित कराना।**
- निर्धारित कैलेन्डर के अनुसार मीना मंच की गतिविधियों का आयोजन।
- रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन।
- **शैक्षिक भ्रमण–** पुस्तकालय भ्रमण – पुस्तकालय का महत्व समझाना, पुस्तकालय के नियम, सामुदायिक पुस्तकालय कैसे चलाया जा सकता है। पुस्तकालय भ्रमण हेतु माह जून में बच्चों को ले जायें।
- शनिवार को निपुण भारत मॉनीटरिंग सेन्टर (NBMC) पोर्टल के ड्रापडाउन लिंक पर उपलब्ध पाठ्य सहगामी क्रियाओं का आयोजन कराया जाये।

**प्रशासनिक**

- स्वच्छता के लिए एक सप्ताह (8–15 अगस्त) तक चलने वाले गन्दगी मुक्त भारत दिवस का आयोजन – दिनांक 03.08.2024
- शिक्षक यूट्यूब प्रसारण – दिनांक 03.08.2024
- विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक – दिनांक 07.08.2024
- 15 अगस्त के दिन स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संस्था अध्यक्ष/प्रधानाध्यापक द्वारा ध्वजारोहण किया जाय। 15 अगस्त के महत्व के बारे में बच्चों को जानकारी दी जाय। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नाटक मंचन, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान पर भाषण/निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाय।
- शिक्षक संकुल की बैठक – दिनांक 20.08.2024
- खण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं प्रधानाध्यापकों की बैठक – दिनांक 24.08.2024
- माताओं का उन्मुखीकरण।

## माह– सितम्बर, 2024

**शैक्षणिक/अकादमिक**

- शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के घर भ्रमण – शिक्षक छात्रों के घर जायें, विद्यार्थियों के अभिभावकों से मिलें और कक्षा–कक्ष में करायी जा रही सभी गतिविधियों एवं विद्यार्थियों के प्रदर्शन व उपलब्धियों के बारे में अवगत करायें।
- टीम निर्माण गतिविधि प्रतियोगिता – कक्षा को टीमों में बाँटकर किसी कार्य को पूरा करने हेतु प्रतियोगिता करायें।
- आउटडोर सीखने की गतिविधि – कक्षा के बाहर विद्यार्थियों को घेरे (गोले) में व्यवस्थित करें और पाठ पर आधारित गतिविधि का संचालन करें।
- विद्यालय में प्रदर्शनी/मेला – विद्यार्थी अपने विज्ञान/गणित के प्रोजेक्ट बनायें और दिखायें। सभी माता–पिता और प्रधान विद्यालय मेले का भ्रमण कर अवलोकन करें।
- राष्ट्रीय अविष्कार अभियान (Science Fair)/यूथ एवं इको क्लब
- बालक/बालिकाओं के लिए कढ़ाई–बुनाई प्रतियोगिता का आयोजन।
- निर्धारित कैलेन्डर के अनुसार मीना मंच की गतिविधियों का आयोजन।
- मीना सभा जीवन संघर्ष फिल्म पर चर्चा एव मीना दिवस तथा जन्मोत्सव का आयोजन–दिनांक 28.09.2024
- रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन।
- शनिवार को निपुण भारत मॉनीटरिंग सेन्टर (NBMC) पोर्टल के ड्रापडाउन लिंक पर उपलब्ध पाठ्य सहगामी क्रियाओं का आयोजन कराया जाये।

**प्रशासनिक**

- विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक।
- 05 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय स्तर पर शिक्षकों का अभिनन्दन कार्यक्रम। सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन चरित्र पर चर्चा।
- टीचर यू–ट्यूब प्रसारण – दिनांक 07.09.2024
- शिक्षक संकुल की बैठक– दिनांक 17.09.2024
- गायन भाषा का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस – दिनांक 23.09.2024
- खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाध्यापकों की बैठक – दिनांक 28.09.2024
- माताओं का उन्मुखीकरण, बाल मेला – दिनांक 28.09.2024

## माह– अक्टूबर, 2024

### शैक्षणिक / अकादमिक

- **अर्द्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन।**
- रोल प्ले आधारित गतिविधि – पाठ्य पुस्तक के पाठ से या पुस्तकालय की पुस्तक से विद्यार्थी सामान्य नुक्कड़ नाटक / विषय के पाठ और कहानी के चरित्र का रोल प्ले करें।
- पठन आधारित गतिविधि – ऐसी गतिविधियाँ जहाँ विद्यार्थी वार्तालाप, चार्ट, पुस्तकालय की पुस्तकों को पढ़ने व उनके रख–रखाव सम्मिलित हों।
- कहानी कहने पर आधारित गतिविधि – पाठ को पात्रों वाली कहानी में परिवर्तित करके पाठ योजना का संचालन करें।
- क्यारी तैयार कराना। (बच्चों को बीज अंकुरण, पौधों के विकास, पत्ती का विकास, पौधों के अंगों (organ), कृषि, मृदा एवं सिंचाई आदि की जानकारी देना)
- छात्र–छात्राओं के लिए क्लास चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन।
- राष्ट्रीय अविष्कार अभियान (Exposure visit) / यूथ एवं इको क्लब।
- निर्धारित कैलेन्डर के अनुसार मीना मंच की गतिविधियों का आयोजन।
- अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस– सफलता की कहानी तथा महिला सशक्तीकरण पर आधारित फिल्म दिखाकर चर्चा – दिनांक 11.10.2024
- रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन।
- शनिवार को निपुण भारत मॉनीटरिंग सेन्टर (NBMC) पोर्टल के ड्रापडाउन लिंक पर उपलब्ध पाठ्य सहगामी क्रियाओं का आयोजन कराया जाये।

### प्रशासनिक

- अभिभावक एवं शिक्षक बैठक (त्रैमासिक) चर्चा के बिन्दु– बच्चों का नामांकन, उपस्थिति एवं ठहराव, डी0बी0टी0, निपुण भारत मिशन, शारदा कार्यक्रम, समर्थ कार्यक्रम, आपरेशन कायाकल्प, विद्यालय प्रबन्ध समिति की बैठक।
- यू–डायस+ डाटा एण्ट्री एवं अद्यावधिक करना – दिनांक 01.10.2024
- 02 अक्टूबर को गाँधी जयन्ती का महत्व एवं महात्मा गाँधी जी के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर चर्चा, छात्र–छात्राओं को स्वच्छता हेतु प्रेरित करने के लिए निबन्ध / पोस्टर आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन।
- विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक – दिनांक 03.10.2024
- विद्यालय प्रोफाइल अद्यावधिक करना – दिनांक 05.10.2024
- टीचर यू–ट्यूब प्रसारण – दिनांक 05.10.2024
- शिक्षक प्रोफाइल अद्यावधिक करना – दिनांक 10.10.2024
- अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस – दिनांक 11.10.2024
- विद्यार्थीवार डाटा एण्ट्री और अद्यावधिक करना – दिनांक 15.10.2024
- शिक्षक संकुल की बैठक– दिनांक 15.10.2024
- यू–ट्यूब के माध्यम से माताओं का उन्मुखीकरण – दिनांक 19.10.2024
- खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाध्यापकों की बैठक – दिनांक 26.10.2024
- DIET-led एसेसमेन्ट

## माह– नवम्बर, 2024

### शैक्षणिक / अकादमिक

- श्यामपट्ट मैनेजमेन्ट प्रतियोगिता का आयोजन।
- पत्र लेखन गतिविधि–विद्यार्थी अपने शिक्षकों, माता–पिता, परिवार के सदस्यों को शिक्षा के महत्व पर पत्र लिखें।
- कला और पेंटिंग आधारित गतिविधि – विद्यार्थी अपने शिक्षकों द्वारा दिये गये संकेतों के आधार पर पेंटिंग बनायें।
- दिखायें और बतायें आधारित गतिविधि – विद्यार्थी अपनी पंसदीदा पुस्तक / खिलौना / फोटो / वस्तु घर से लायें, जिसके बारे में वे कक्षा के साथ कहानी साझा करें।
- राष्ट्रीय अविष्कार अभियान (Exposure visit) / यूथ एवं इको क्लब।
- निर्धारित कैलेन्डर के अनुसार मीना मंच की गतिविधियों का आयोजन।
- रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन।

- शनिवार को निपुण भारत मॉनीटरिंग सेन्टर (NBMC) पोर्टल के ड्रापडाउन लिंक पर उपलब्ध पाठ्य सहगामी क्रियाओं का आयोजन कराया जाये।

**प्रशासनिक**

- विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक – दिनांक 06.11.2024
- राष्ट्रीय अविष्कार अभियान (Exposure Visit)
- टीचर यू–ट्यूब प्रसारण – दिनांक 09.11.2024
- 11 नवम्बर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर समाज की भलाई के लिए साक्षरता एवं शिक्षा के महत्व पर सेमिनार, निबंध लेखन, स्लोगन राइटिंग, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन।
- 14 नवम्बर को 'बाल दिवस' कार्यक्रम का आयोजन।
- यू–ट्यूब के माध्यम से माताओं का उन्मुखीकरण – दिनांक 16.11.2024
- शिक्षक संकुल की बैठक– दिनांक 19.11.2024
- खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाध्यापकों की बैठक – दिनांक 23.11.2024

## माह– दिसम्बर, 2024

**शैक्षणिक / अकादमिक**

- द्वितीय सत्र परीक्षा का आयोजन।
- व्यवसाय कैरियर दिवस – विद्यार्थियों के माता–पिता अपने व्यवसाय (कैरियर) के रूप में जो कार्य करते हैं, उसे साझा करने के लिए विद्यालय आये– उदाहरण के लिए पुलिसकर्मी, व्यवसायी, वकील आदि।
- पठन–पाठन आधारित गतिविधि – छात्रों से कहानी के विभिन्न भागों को जोर से पढ़ने, छोटे समूहों में कहानी पढ़ने पंसदीदा चरित्र का चयन करने के लिए कहें।
- निर्धारित कैलेन्डर के अनुसार मीना मंच की गतिविधियों का आयोजन।
- रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन।
- शनिवार को निपुण भारत मॉनीटरिंग सेन्टर (NBMC) पोर्टल के ड्रापडाउन लिंक पर उपलब्ध पाठ्य सहगामी क्रियाओं का आयोजन कराया जाये।

**प्रशासनिक**

- विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक – दिनांक 04.12.2024
- 03 दिसम्बर को 'अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस' सम्बन्धी गतिविधियों का आयोजन किया जाय।
- टीचर यू–ट्यूब प्रसारण – दिनांक 07.12.2024
- यू–ट्यूब के माध्यम से माताओं का उन्मुखीकरण – दिनांक 14.12.2024
- शिक्षक संकुल की बैठक– दिनांक 17.12.202
- खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाध्यापकों की बैठक – दिनांक 28.12.2024
- DIET-led एसेसमेन्ट

## माह– जनवरी, 2025

**शैक्षणिक / अकादमिक**

- बच्चों को शीत ऋतु और अन्य ऋतुओं के बारे में जानकारी देना तथा शीत ऋतु एवं ग्रीष्म ऋतु का महत्व एवं वर्षा पर पडने वाले प्रभाव के वैज्ञानिक तथ्य से अवगत कराना।
- अधिक शीत से बचाव एवं उनमें पहने जाने वाले कपडों की जानकारी देना।
- निर्धारित कैलेन्डर के अनुसार मीना मंच की गतिविधियों का आयोजन।
- रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन।
- शनिवार को निपुण भारत मॉनीटरिंग सेन्टर (NBMC) पोर्टल के ड्रापडाउन लिंक पर उपलब्ध पाठ्य सहगामी क्रियाओं का आयोजन कराया जाये।

**प्रशासनिक**

- विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक – दिनांक 01.01.2025
- टीचर यू–ट्यूब प्रसारण – दिनांक 18.01.2025
- शिक्षक संकुल की बैठक– दिनांक 21.01.2025
- खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाध्यापकों की बैठक – दिनांक 25.01.2025

## माह– फरवरी, 2025

**शैक्षणिक / अकादमिक**

- निर्धारित कैलेन्डर के अनुसार मीना मंच की गतिविधियों का आयोजन।
- रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन।
- शैक्षिक–माह मार्च में वार्षिक परीक्षा के दृष्टिगत अपूर्ण पाठ्यक्रम को आवश्यकतानुसार अतिरिक्त समय देकर पूर्ण कराया जाय एवं अध्यापित पाठों की पुनरावृत्ति करायें, जिससे छात्र सहज होकर परीक्षा में सम्मिलित हो सके।
- शनिवार को निपुण भारत मॉनीटरिंग सेन्टर (NBMC) पोर्टल के ड्रापडाउन लिंक पर उपलब्ध पाठ्य सहगामी क्रियाओं का आयोजन कराया जाये।

**प्रशासनिक**

- टीचर यू–ट्यूब प्रसारण – दिनांक 01.02.2025
- विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक – दिनांक 05.02.2025
- शिक्षक संकुल की बैठक– दिनांक 18.02.2025
- खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाध्यापकों की बैठक – दिनांक 22.02.2025
- DIET-led एसेसमेन्ट
- निपुण सम्मान समारोह (किसी भी शनिवार को)

## माह– मार्च, 2025

**शैक्षणिक / अकादमिक**

- सिच्यूएशन बेस्ड एक्टिविटी – बच्चों को एक स्थिति (situation) प्रदान करते हुए उनकी समस्याओं को रचनात्मक रूप से हल करें और उनसे प्रश्न पूछे जायें। जैसे– अपने आस–पास के वातावरण को कैसे स्वच्छ रखा जाये, इत्यादि।
- आउटडोर लर्निंग एक्टिविटी – छात्र को 5–6 शब्द देकर बच्चों से इन शब्दों का प्रयोग करते हुए एक ऐसी कहानी / कविता लिखवाई जाये, जिसमें उसकी रचनात्मकता प्रदर्शित हो सके।
- प्रत्येक छात्र को कक्षा में बोलने एवं प्रस्तुतीकरण करने हेतु प्रेरित किया जाये। जैसे– वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित करना।
- निर्धारित कैलेन्डर के अनुसार मीना मंच की गतिविधियों का आयोजन।
- महिला दिवस का आयोजन तथा बेटियों की सुरक्षा पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन एवं चर्चा–दिनांक 08.03.2025
- रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन।
- **वार्षिक परीक्षा का आयोजन।**

**प्रशासनिक**

- वार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन तथा बच्चों को अगली कक्षाओं में पदोन्नत करना एवं अप्रैल माह में होने वाले स्कूल चलो अभियान तथा नवांगतुक बच्चों के प्रवेश हेतु तैयारी करना।
- टीचर यू–ट्यूब प्रसारण – दिनांक 01.03.2025
- विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक – दिनांक 05.03.2025
- अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन (त्रैमासिक) चर्चा के बिन्दु– बच्चों का नामांकन, उपस्थिति एवं ठहराव, डी0बी0टी0, निपुण भारत मिशन, शारदा कार्यक्रम, समर्थ कार्यक्रम, आपरेशन कायाकल्प, विद्यालय प्रबन्ध समिति की बैठक।
- शिक्षक संकुल की बैठक– दिनांक 18.03.2025
- खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाध्यापकों की बैठक – दिनांक 22.03.2025
- यू–ट्यूब के माध्यम से माताओं का उन्मुखीकरण – दिनांक 23.03.2025

....................

| पाठ्य सहगामी क्रियाएं (माह के प्रत्येक शनिवार हेतु) | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम | खेल | कला | शैक्षिक गतिविधियाँ | नाटक | व्यायाम/योग | शैक्षिक भ्रमण | शैक्षिक मेला | प्रश्नोत्तरी | सांस्कृतिक गतिविधियाँ |
| 1 | **दौड़**<br>1. 100 मीटर दौड़<br>2. नींबू दौड़<br>3. कुर्सी दौड़<br>4. हर्डल दौड़ | **कला**<br>1. ड्रॉइंग<br>2. स्केचिंग<br>3. चित्रकला (पेंटिंग)<br>4. अंकितकला (डूडल)<br>5. रंगोली<br>6. मेहंदी | **लेखन**<br>1. मनोरंजक किस्से<br>2. मेरा विद्यालय<br>3. मेरे शौक<br>(कोई भी अन्य विषय) | **समूह चर्चा**<br>1. हमारे विद्यालय में सफाई की आवश्यकता<br>2.मोबाइल के अत्यधिक उपयोग की हानियाँ<br>3. शिक्षा का महत्व<br>(कोई भी अन्य विषय) | सूर्य नमस्कार | **पुस्तकालय भ्रमण**<br>1. पुस्तकालय का महत्व समझाना<br>2. पुस्तकालय के नियम<br>3. सामुदायिक पुस्तकालय कैसे चलाया जा सकता है | विज्ञान मेला | सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी | लोक नृत्य |
| 2 | **खेल**<br>1. क्रिकेट (छात्र और छात्राएँ दोनों)<br>2. खो-खो<br>3. कबड्डी<br>4. फुटबॉल | **पारंपरिक कला**<br>1. मधुबनी कला<br>2. गोंडी कला<br>3. मंडला कला | **वाद-विवाद**<br>1. मेहनत सफलता की कुंजी है या भाग्य?<br>2. पौष्टिक भोजन/स्वादिष्ट भोजन<br>(कोई भी अन्य विषय) | **समाचार प्रस्तुति**<br>1. किसी विषय की सूचना/घटना का समाचार एंकर की तरह प्रस्तुतीकरण | शारीरिक प्रशिक्षण (PT) | **ग्राम पंचायत भ्रमण**<br>1.पंचायतों की व्यावहारिक अवधारणा<br>2. पंचायत अधिकारियों की भूमिकाएँ<br>3. ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) में बाल सभा का महत्व | गणित मेला | खजाने की खोज (Treasure Hunt) | गायन |
| 3 | **पारंपरिक खेल**<br>1. गेंद को बाल्टी में डालना या निशाना लगाना<br>2. रस्सी खींचना<br>3. सितोलिया/पिठ्ठू (पिठ्ठू में, खिलाड़ी एक ऊँचे स्तर पर सात पत्थरों या टाइल्स का लंबा स्तंभ बनाते हैं और उन्हें बॉल से मारते हैं, जिसका उद्देश्य स्तंभ को गिरा देना होता है। जो टीम सबसे पहले स्तंभ को पुनः बनाती है, वह विजेता होती है।)<br>4. ज़िम्बाब्वे (किसी भी अक्षर से राज्य/देश का नाम बोलकर दूसरी पार जाना)<br>5. गिल्ली-डंडा | **शिल्प**<br>1. कागज़ कला<br>2. शुभकामना कार्ड<br>3. फूल/पत्ती कला<br>4. मिट्टी की कला | **कथावाचन**<br>1. जब मुझे विद्यालय आने में देरी हुई<br>2. जब मैंने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया<br>(कोई भी अन्य विषय) | **अभिनय**<br>1. पसंदीदा प्रमुख व्यक्तित्व का अनुकरण करते हुए अभिनय करना<br>2. डायलॉग प्रस्तुतिकरण<br>3. मूक मुक़ाबला | शरीर को स्वस्थ रखने हेतु विशेष योग एवं आसन | **दूसरे स्कूल का भ्रमण**<br>1. मॉडल विद्यालय में भ्रमण<br>2. मॉडल विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों की बेस्ट प्रैक्टिसेज (Best Practices) | भाषा मेला | चित्र (किसी महापुरुष/ फल /पेड़/पौधे आदि) दिखाकर उसके नाम का अनुमान लगाना | कविता |
| 4 | **अंदरूनी खेल**<br>1. शतरंज<br>2. कैरम<br>3. लूडो<br>4. यूनो/ताश (गणित में संभावना सिखाने के लिए) | **सजावट**<br>1. कक्षा की सजावट<br>2. सभा स्थल (Assembly Ground) का नवीनीकरण<br>3. पुस्तकालय का आयोजन | **लाइब्रेरी/रीडिंग/स्पीकिंग**<br>1. मेरा परिचय<br>2. कोई भी अंग्रेजी गाना<br>3. एक 4-8 लाइन की हिंदी/अंग्रेजी कविता<br>4. गणनात्मक गतिविधियां | **नाटक**<br>1. पाठ्यक्रम से नुक्कड़ नाटक तैयार करें<br>2. किसी प्रेरक वीडियो को दिखाकर उस वीडियो के छोटे-से अंश का प्रस्तुतीकरण | निर्देशित ध्यान (Guided Meditation) | **सरकारी कार्यालयों में भ्रमण**<br>1. जिला अधिकारी, सीडीओ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि जनपद स्तरीय कार्यलयों का भ्रमण एवं सम्बंधित अधिकारियों से भेंट<br>2. सम्बंधित अधिकारियों की जनपद में भूमिका | भूगोल मेला | कहानी पूरी करें (समूहों में) | भजन |